दैनिक पद्मावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in | Mo. 9594542679 | Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 237 • मुंबई, सोमवार, 06 मई, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पद्मावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

# साइकिल पार्क करने को लेकर पिता-पुत्र ने एक बुजुर्ग को पीट-पीटकर मार डाला

पदमावत मीडिया

**मुंबई ।** गिरगांव में हत्या की सनसनीखेज घटना सामने आई है। वीपी रोड पुलिस ने 53 साल के एक व्यक्ति पर पिता-पुत्र ने हमला कर उसकी कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र की जोड़ी को गिरफ्तार किया है। घटना गिरगांव की है। मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

**साइकिल पार्क करने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा**

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों की पहचान विकास राऊत (53) और विपुल राऊत (32) के रूप में हुई है। वे गिरगांव के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि एक इमारत परिसर के अंदर साइकिल पार्क करने को लेकर आरोपी पिता पुत्र का बुजुर्ग से कथित झगड़ा हुआ जिसके बाद दोनों आरोपियों ने मिलकर बुजुर्ग की जमकर पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई।

**पार्किंग बनी वजह**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक का नाम मुकेश मोरजकर है। वह भी उसी आवासीय भवन में रहता है। आरोप है कि विकास और विपुल मुकेश से कहा कि वह सोसाइटी के पंप रूम के अंदर अपनी साइकिल पार्क नहीं करें। चूंकि, मुकेश पंप रूम में ही साइकल पार्क करता था। इसलिए उसको वहां से साइकल हटाने को कहा। इसी बात को दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी और फिर झगड़ा होने लगा। आरोप है कि विकास और विपुल ने मुकेश के सिर को दीवार पर दे मारा जिससे मुकेश बुरी तरह से चोटिल होने के बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों ने मुकेश को अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

**मामले में पुलिस ने दो लोगों को अरेस्ट किया**

मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# गोगुंदा पुलिस ने धोखाधड़ी कर जेसीबी मशीन हड़पकर हरियाणा में बेचने के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के गोगुंदा थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर जेसीबी मशीन हड़पकर हरियाणा में बेचने के 3 आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आसपुर थाना क्षेत्र के मलापा झरियाणा निवासी लोकेश उर्फ तोसिफ पुत्र भूरा कनिपा (22), संदेश पुत्र रूमालिया कनिपा (23) व खेरवाड़ा के जवास निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र करण सिंह राजपूत (29) को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी शैतान सिंह नाथावत ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी फरार है। फरार आरोपी के संबंध में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

थानाधिकारी ने बताया कि प्रार्थी प्यारेनाथ पुत्र पुष्करनाथ ने 11 नवंबर 2023 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि आरोपियों ने उसकी जेसीबी मशीन हड़प लिया था और बेच दी थी। आरोपियों ने उससे 26 लाख रूपए में जेसीबी मशीन खरीदी और एग्रीमेंट कर जेसीबी मशीन अपने साथ ले गए। मशीन को पूरा भुगतान करने की बजाय आरोपियों ने मशीन को हरियाणा में किसी व्यक्ति को बेच दी। मशीन में लगे जीपीएस सिस्टम से उसे पता चला कि मशीन हरियाणा में है। तब उसे अपने साथ धोखाधड़ी होने का पता चला। इसके बाद उसने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी।

एएसआई विनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जितेंद्र सिंह ने पूछताछ में बताया कि साबला थाना क्षेत्र के बोडिगामा निवासी अमृत उर्फ अमतु पुत्र सरदारिया के कहने पर वह लोकेश व संदेश के साथ रोयड़ा गया। अमृत ने ही जेसीबी मशीन के मालिक प्यारेनाथ की जेसीबी मशीन को 26 लाख रूपए में खरीदा और एग्रीमेंट किया। उसने ही लोन की बकाया किस्त भरने का विश्वास दिलाया। विनेश कुमार ने बताया कि आरोपियों ने मशीन को हरियाणा के मुफिद नाम के व्यक्ति को 8-10 लाख रूपए में बेच दी थी।



# जैसलमेर में BSF के एक जवान ने सीमा चौकी परिसर में पेड़ से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया

पदमावत मीडिया

**जैसलमेर ।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (**BSF**) के एक जवान ने रविवार को फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना पर बीएसएफ के अधिकारी और तनोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना जैसलमेर से करीब 140 किलोमीटर दूर बबलीयानवाला पोस्ट की है।



तनोट थाना पुलिस ने बताया कि दोरांग, आसाम निवासी मुकंदा डेका (57) बीएसएफ में कॉन्स्टेबल के पद पर बबलीयानवाला पोस्ट पर तैनात थे। जवान ने सीमा चौकी में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह डेका को फंदे से लटकते देख जवानों ने **BSF** के अधिकारियों को बताया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने तनोट थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जवान के शव को पेड़ से उतारकर रामगढ़ हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। उनके आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

हालांकि अभी तक सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने खुदकुशी के कारणों को लेकर कुछ भी जानकारी नहीं दी है। जांच के बाद ही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**मनमौजी स्वभाव के थे डेका**

जवान के साथियों ने बताया कि डेका 3 साल बाद रिटायर होने वाले थे। फरवरी महीने में ही छुट्टी काटकर घर से आए थे। बहुत ही मनमौजी स्वाभाव के थे। बबलीयानवाला पोस्ट पर वो जनरेटर ऑपरेट करने का काम करते थे और जनरेटर रूम में ही रहते थे। जनरेटर रूम के पीछे लगे पेड़ से ही फंदा लगाया था। साथी जवान के सुसाइड करने से बीएसएफ के अन्य जवान सकते में हैं।

# तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई, दोनों बच्चें जंगल में बकरियॉ चराने गए थे

पदमावत मीडिया

**राजसमंद ।** जिले के देवगढ थाना सर्कल में तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे जंगल में बकरियां चराने गए थे। हादसा देवगढ पुलिस थाना सर्कल में बग्गड के तालाब में हुआ। बच्चों के पानी में पैर फिसल गया ओर दोनों बच्चे पानी में डूब गए। हादसे के बाद बच्चों के परिवार सहित गांव में मातम छा गया और परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

सांगावास निवासी नारायण सिंह (10) व हेमेंद्र सिंह तेलड़ा बकरियां लेकर जंगल में गए थे। तालाब में बच्चों का पानी में पैर फिसल गया और पानी गहरा होने के कारण दोनों बच्चे पानी में डूब गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों के शव बाहर निकाले गए। बाद में मौके पर देवगढ पुलिस पहुंची ओर बच्चों के शव देवगढ हॉस्पीटल की मॉर्च्युरी में रखवाए गए।

# खेडली के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में बांधे परिडे

पदमावत मीडिया

**कोटा ।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेडली बोरदा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रश्मि नामदेव शारीरिक शिक्षिका के प्रयास से परिंडा बांधा गया। रश्मि नामदेव ने बताया कि गर्मी आते ही बेजुबान पक्षियों को पानी की आवश्यकता होती है भीषण गर्मी से उनकी मौत ना हो इसके लिए हर साल पक्षियों के लिए विद्यालय परिसर में परिंडा बांधा जाता है साथ ही परिंडे में नियमित रूप से पानी डालने के लिए बच्चों को प्रेरित किया जाता है इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रामचरण बेरवा, अध्यापिका सरोज गोयल, अध्यापक धर्मेश चौधरी तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में 'संक्रमण' नाटक का मंचन





पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** रविवार को शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में 'संक्रमण' नाटक का मंचन हुआ।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि माह के प्रथम रविवार को आयोजित होने वाले मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के तहत अभिनय गुरूकुल एक्टर्स स्टूडियो जोधपुर द्वारा 'संक्रमण' नाटक का मंचन किया गया। दर्शकों ने इस नाटक को बहुत सराहा। इस नाटक के लेखक स्व. श्री कामतानाथ एवं निर्देशक अरू व्यास है। इस नाटक में 6 कलाकारों ने भाग लिया। इस नाटक को दर्शकों ने बहुत सराहा तथा उनके जीवंत अभिनय की प्रशंसा की।

इस अवसर पर केन्द्र के पूर्व अतिरिक्त निदेशक एच.एल. कुणावत, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एवं वरिष्ठ रंगकर्मी विलास जानवे तथा कार्यक्रम अधिकारी पवन अमरावत ने कलाकारों का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश चांदवानी ने किया। इस अवसर पर केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**कहानी**

संक्रमण कहानी मुख्य रूप से पिता, पुत्र और माँ की गवाही है, ये तीन कथन पिता और पुत्र के बीच रोजमर्रा के संघर्ष की कहानी है। जहाँ पिता अपने रोजमर्रा के संघर्ष, त्याग और जीवन के अनुभवों का महत्व सिद्ध करता है, जहाँ सुनने वाली हमेशा उसकी प|ी होती है। पिता को अपने जीवन का सत्य अपने नजरिए से सार्थक लगता है लेकिन बेटा अपने पिता के नजरिए पर सवाल उठाता रहता है क्योंकि उसने वह संघर्ष, बलिदान और अनुभव नहीं देखा है जिससे उसके पिता गुजरे हैं। इन दोनों नजरियों के टकराव में पिसती है मां, जो किसी भी पक्ष में खड़ी नहीं हो पाती, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता है पति का यह व्यवहार एक तरह का संक्रमण बन जाता है जो हर पिता से उसके बेटे में फैलता है। यह नाटक पिता और पुत्र के बीच तथाकथित 'पीढ़ी के अंतर' और 'वैचारिक मतभेद' पर सवाल उठाता है। वह बेटा जो अपने पिता के झक्की व्यवहार पर सवाल उठाता है लेकिन जब वह खुद पिता बनता है, तो वह खुद को उसी स्थान पर पाता है।

# मासिक संगीत गोष्ठी में मीठालाल वर्मा के क्लेरियोनेट वादन ने मंत्र मुग्ध किया



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** महाराणा कुंभा संगीत परिषद उदयपुर द्वारा रविवार को मासिक संगीत गोष्ठी का आयोजन सरदारपुरा स्थित कुंभा सभागार में किया गया।

गोष्ठी में सर्वप्रथम उदयपुर के आकाशवाणी के ए ग्रेड कलाकार प्रसिद्ध क्लेरियोनेट वादक मीठालाल वर्मा ने सुरीली तानों की अनूठी प्रस्तुति से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया । उन्होंने राग मिश्र खमाज में ठुमरी प्रस्तुत की जो तीन ताल में निबद्ध थी । तत्पश्चात तालदीपचंदी में पहाड़ी राग में एक बंदिश प्रस्तुत की ।अंत में ताल खेमटा में एक दादरा प्रस्तुत किया जो की राग भैरवी पर आधारित था । सुषिर वाद्य क्लेरीनेट पर उनके द्वारा प्रस्तुति ने सभी श्रोताओं को खूब आनंदित किया। उनके साथ तबले पर उदयपुर के प्रसिद्ध तबला वादक ओम कुमावत ने संगत की।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में धारवाड़ ,कर्नाटक की सुप्रसिद्ध गायिका सुश्री महालक्ष्मी शिनॉय ,जो पदमभूषण पंडित विष्णु मोहन भट्ट जी की शिषया हैं ने अपनी गायकी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सभी श्रोताओं ने उन्हें खूब सराहा । उन्होंने सर्वप्रथम राग ताल एकताल में राग बागेश्री विलंबित बंदिश सखी मन लगे प्रस्तुत की उसमें आलाप और गायकी के साथ सधी हुई तानों से कार्यक्रम में समा बांध दिया। उसके पश्चात मोसे मन आए रंग रस भर बंदिश तीन ताल में प्रस्तुत कर सभी श्रोताओं को अपनी गायकी से मंत्रमुग्ध कर दिया । राजस्थान की सुप्रसिद्ध मांड गायकी केसरिया बालम को उन्होंने एक विशेष अंदाज में प्रस्तुत कर तालियां बटोरी । अंत में आर.डी. कामत द्वारा लिखित एवं पंडित वसंत ककापुरे द्वारा रचित कोंकणी भजन नारी नयन चकोरा राग अहीर भैरव में प्रस्तुत किया। बड़ौदा के प्रसिद्ध तबला वादक पंडित हिमांशु महंत ने तबले पर संगत की और उदयपुर शहर के युवा कलाकार भव्यन खोखावत ने हारमोनियम पर संगत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती मधुलिका मेवाड़ ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन किया और संस्था के अध्यक्ष सुशील दशोरा ने सभी का स्वागत किया । डा प्रेम भंडारी, मनोज मोर्डिया, परवेज जाल, सहित महाराणा कुंभा संगीत परिषद के कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी कलाकारों एवं अतिथियों का शॉल एवम उपर्णा ओढ़ाकर पारंपरिक स्वागत किया।

डॉ देवेंद्र सिंह हिरण ने अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम का संचालन डिंपी सुहालका ने किया।

# मार्निंग वॉक ग्रुप डायमंड ने रामघाट चित्रकूट में किये भव्य आरती के दर्शन



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** मार्निंग वॉक ग्रुप डायमंड उदयपुर ने चित्रकूट में भगवान राम, सीता,लक्ष्मण का गौस्वामी तुलसी दास का साक्षात्कार स्थल आध्यात्मिक व धार्मिक स्थल रामघाट पर राम दरबार, भरत मंदिर, शिव मंदिर, गणपति मंदिर हनुमान मंदिर के दर्शन कर रामघाट पर सभी महिला पुरुषों ने भक्तीभाव से दीप दान का आनंद लिया और नौका विहार किया।नौका विहार के दौरान महिलाओं ने भक्तिमय गीतों की बाहर से आन्दित कर दिया और भव्य आरती का आनन्द लिया।भरत कूप,सती अनुसूइया मंदिर,लक्ष्मण पहाड़ी, स्फटिक शिला, गुप्त गोदावरी, कामदगिरि पर्वत, हनुमान धारा मंदिर सहित आध्यात्मिक व धार्मिक महत्व के पौराणिक मंदिर के दर्शन किए। ग्रुप के सदस्यों ने बंदरों केले,चने खिलाएं और उनकी अठखेलियों का भरपूर आनन्द लिया।

# बीएससी फर्स्ट-ईयर स्टूडेंट ने दी थी कैबिनेट मंत्री को धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक बीएससी फर्स्ट ईयर में का स्टूडेंट है, साथ ही पार्ट टाइम केटरिंग का काम करता है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि अन्य पार्टी की राजनीतिक विचारधारा से प्रेरित होकर उसने सोशल मीडिया पर कैबिनेट मंत्री को धमकी दी थी। 3 मई को मंत्री के बेटे देवेंद्र खराड़ी ने कोटड़ा थाने में मामला दर्ज करवाया था। रविवार को पुलिस ने साइबर एक्सपर्ट की मदद से युवक को गिरफ्तार कर लिया।

**साइंस का स्टूडेंट है आरोपी**

कोटड़ा एसएचओ अशोक कुमार सिंह ने बताया- साइबर एक्सपर्ट की मदद से आरोपी जितेन्द्र कुमार अहारी (21) पुत्र हाजा राम अहारी निवासी बजारिया थाना खेरवाड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने इंस्टाग्राम आईडी से मंत्री खराड़ी को धमकी भरी पोस्ट डाली थी।

उन्होंने बताया- आरोपी ने लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न प्रचार-प्रसार और राजनीतिक पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर धमकी भरी पोस्ट की थी। आरोपी किसी अन्य राजनीतिक विचारधारा से ताल्लुक रखता है। जितेन्द्र खेरवाड़ा सरकारी कॉलेज बीएससी फर्स्ट ईयर का छात्र है। साथ ही कैटरिंग का काम करता है। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 384 और 506 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**ये था मामला**

आरोपी जितेन्द्र ने ये धमकी भरी पोस्ट इंस्टाग्राम पर %आदिवासी राजा 007% नाम की आईडी से डाली थी। पुलिस को उसके मोबाइल पर यह इंस्टाग्राम आईडी मिली है। पोस्ट में लिखा- राजनीति एक तरफ होती रहेगी, लेकिन तू बाबूलाल खराड़ी समय रहते सुधर जा और नहीं सुधरा तो तू थोड़े ही दिन का मेहमान है। बिना फितरत किए मौत के घाट उतार दिया जाएगा। जो तूने आदिवासियों के खिलाफ जहर बोया है उसका नतीजा तेरे सामने होगा।

आदिवासियों को जबरन हिंदू धर्म में घुसाने का काम कर रहा है। जितना हो सके उतना जल्दी उस मुद्दे से हट जा... नहीं तो भगवान राम का प्यारा हो जाएगा। आदिवासी हिंदू धर्म को नहीं मानता। आदिवासी प्रकृति पूजक है, उसकी संस्कृति हिंदू धर्म से अलग है। राजनीति करनी है, धर्म के नाम पर मत कर। लोकसभा चुनाव के परिणाम से पहले तेरा परिणाम आ जाएगा।

# मार्निंग वॉक ग्रुप डायमंड ने विश्व हास्य दिवस प्रयागराज में नौका विहार में मनाया

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** मार्निंग वॉक ग्रुप डायमंड ने विश्व हास्य दिवस मनाया। संयोजक नरेश पूर्बिया ने बताया कि ग्रुप के सदस्यों ने प्रयागराज में नौका विहार के दौरान हंसी के ठहाके लगा कर विश्व हास्य दिवस मनाया। मधुबाला नरेश पूर्बिया, उर्मिला दिलीप अग्रवाल,मधु डिपी लक्षकार, यामिनी अरविंद जोशी, सुशीला देवी लाल कुम्हार, श्यामा नर्बदा शंकर चौबीसा, शैलजा गुप्ता, मंजू एस एल भोई, प्रेम देवी भोले शंकर मेनारिया,रेखा राजेश चौधरी, मोना कमलेश नेभनानी सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।



## श्री महाप्रभु वल्लभाचार्य जी जयंती पर उदयपुर स्थित श्रीनाथजी मंदिर से निकली शोभा यात्रा



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्री महाप्रभु श्री वल्लभाचार्य जी के ( 547 वा प्राकट्य महोत्सव )जयंती के अवसर पर उदयपुर स्थित श्रीनाथजी मंदिर से पहली बार भव्य शोभायात्रा निकाली। पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ प्रभु श्रीनाथजी मंदिर, नाथद्वारा के पीठाधीश्वर राकेश ( इंद्र दमन ) महाराज, विशाल ( भूपेश कुमार )बावा की प्रेरणा से पहली बार निकाली गई। उदयपुर स्थित श्रीनाथजी मंदिर के व्यव- स्थापक अनिल सनाढ्य ने बताया की शोभा यात्रा सांय 5:30 बजे उदयपुर मंदिर से निकलकर जड़ियों की ओल,बड़ा बाजार, भडभूंजा घाटी,तीज का चौक, स्थल चौराहा, खेरादीवाडा होती हुई पुनः श्रीनाथजी मंदिर पधारी। शोभायात्रा में प्रमुख आकर्षण का केंद्र श्रृंगारित हाथी, बेंड,श्रीजी प्रभु एवं महाप्रभु जी की विभिन्न प्रकार की झांकियां, 101 कलश लिए वैष्णव सखियां ,लगभग पांच से सात हजार वैष्णव जन शोभायात्रा की शोभा बने। शोभा यात्रा में अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्ग वैष्णव परिषद उदयपुर के सदस्य भुवनेश ,कन्नू , जयंती , लालेश , नवनीत , राजेश मेहता, हेमंत चौहान, राकेश ,कृष्ण दास , दिनेश , हेमंत श्रीमाली, ललित पारीख,आशाबेन अरूणा बेन आदि वैष्णवों ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर श्रीनाथजी मंदिर, नाथद्वारा के सेवकों जिनमें हर्ष सनाढ्य, हनी गुर्जर, निक्की,पीयूष,अनिल, वेदांत, रवि, वीरेंद्र गुर्जर आदि सेवकों ने भी शोभायात्रा में अपनी सेवा प्रदान की।

## श्री महाकालेश्वर मंदीर का प्रथम पाटोत्सव संपन्न

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** श्री महाकालेश्वर मन्दिर राजपूत धर्मशाला चारभुजा कॉलोनी, निमच रोड़ पर 3 मई 2024को प्रथम पाटोत्सव बड़े धूम धाम एवं उत्साह पूर्वक मनाया।

सर्व प्रथम महाकाल का अभिषेक एवं हवन अजीत सिंह चौहान एवं प्रताप सिंह सोलंकी बक्षीगली के परिवार जन द्वारा करा महाकाल एवं हनुमान जी को ध्वजा चढ़ायी गयी। अभिषेक एवं हवन प. कैलाश जी शर्मा द्वारा विधि विधान के साथ संपन्न हुआ।

सांय काल पाटोत्सवत्सव की प्रसादी एवं गौठ के आयोजन के पूर्व पूरे समाज जनो की उपस्थित मे मीटिंग आयोजित की गई जिसके विशिष्ट अतिथि श्री मति रामकन्या गुर्जर-चेयरमैन नगर परिषद ,गजेंद्र कुमार चंडालिया -भाजपा जिला महामंत्री, श्री मति सुनयना हापावत- जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष, श्री मति स्नेहलता शर्मा -नगर मंत्री, श्रद्धा पार्श्व नवीन -नगर महिला मण्डल अध्यक्ष, श्री मति वर्षा कुँवर चौहान -पार्षद, श्री मति कोशल्या देवी- पूर्व चेयरमैन, श्री मति ज्योति खोईवाल- सदस्य,भंवर सिंह सिसोसदिया -अध्यक्ष राजपूत समाज अरनोद एवं श्री राजेंद्र सिंह देवडा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे सर्वप्रथम अतिथियों को उपरना ओढा कर स्वागत रस्म के पश्चात राजपूत समाज की शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभावो को अतिथियों द्वारा शिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर बालक- बलिकाओ का उत्साह वर्धन किया गया। तत्पश्चात राजपूत समाज के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह द्वारा अपने उद्‌बोधन में अतिथियों, बाहर से पधारे मेहमानों तथा समाज जन का समाज की और से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया एवं समाज की प्रगति के बारे में बताया, संघटित समाज, शिक्षा स्तर सुधार एवं कुरुतियो पर अंकुश, समाज की जाजम पर राजनिति ना हो आदि बिंदु पर वार्ता की। श्री मति रामकन्या गुर्जर चेयरमैन नगर परिषद ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा समाज को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। गजेंद्र कुमार चंडालिया भाजपा जिला महामन्त्री ने भी अपने उद्‌बोधन में बालक- बलिकाओ के शिक्षक स्तर सुधारने हेतु सहयोगार्थ 51,000 की सहायता की घोषणा की तथा समाज सुधार एवं समाज विकास हेतु चर्चा की साथ ही श्री शिव पुराण कथा के आयोजन की भी सरहाना की ।

# पुंछ के हमलावर कायरों की तरह जंगल में छिपे,सेना ने चौतरफा घेरा, सर्चिंग अभियान तेज

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना के एक काफिले पर घात लगाकर हमला करने वाले जंगलों की तरफ भाग गए है। अब भारतीय सेना के जवान इन्हे चप्पे चप्पे में तलाश रहे हैं। आर्मी के अतिरिक्त जवान पुंछ में जर्रा वाली गली पहुंच गए हैं। बता दें कि इस हमले में एक जवान शहीद हो गया जबकि चार अन्य सैनिक घायल हुए थे। घायलों में एक सैनिक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट ने इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया है। आज भी यहां से गुजरने वाले हर वाहन की सुरक्षाबलों द्वारा तलाशी ली जा रही है। सेना के वाहन शाहसितार के पास जनरल क्षेत्र में स्थित एयर बेस के अंदर सुरक्षित पहुंच गए हैं। संदिग्ध लोगों की आवाजाही के बारे में गोपनीय जानकारी मिलने के बाद अर्धसैनिक बलों की सहायता से पुलिस शु' वार से पुंछ शहर में तलाशी ले रही थी, हालांकि इस तलाशी अभियान के दौरान किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया था।


भारतीय वायुसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, काफिले को सुरक्षित कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में, वायुसैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की। इस दौरान भारतीय वायुसेना के पांच कर्मियों को गोली लग गई और उन्हें तत्काल इलाज के लिए नजदीकी सैन्य अस्पताल ले जाया गया। एक वायु सैनिक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। स्थानीय सुरक्षा बलों द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है। वहीं हमले की एक तस्वीर सामने आई है जिसमें दिख रहा है कि आतंकियों ने किस कदर सेना के वाहनों पर अंधाधुंध गोलिया बरसाईं। सेना के काफिले में शामिल एक ट्रक के विंडस्' ीन पर दो दर्जन से अधिक गोलियों के निशान नजर आ रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, एके असॉल्ट राइफलों से लैस आतंकवादी पास के जंगलों में भाग गए हैं। आतंकी हमला शाम करीब सवा छह बजे हुआ जब जवान जारनवाली से वायुसेना के अड्डे पर लौट रहे थे। अधिकारियों को आतंकवादियों के उसी समूह की संलिप्तता का संदेह है, जिसने पिछले साल 21 दिसंबर को पास के बुफलियाज में सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया था जिसमें चार सैनिक शहीद हो गए थे और तीन अन्य घायल हो गए थे।

2003 से 2021 के बीच यहां शांति थी

निकटवर्ती राजौरी के साथ सीमावर्ती पुंछ जिले में पिछले दो वर्षों में कुछ बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं जो इस क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों की वापसी का संकेत हैं, जबकि एक बार इस क्षेत्र को आतंकवाद से मुक्त कर दिया गया था और 2003 से 2021 के बीच यहां शांति थी। 22 अप्रैल को थानामंडी के शाहदरा शरीफ इलाके के पास आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक 40 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई थी। 28 अप्रैल को उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में एक ग्राम रक्षक मोहम्मद शरीफ की हत्या कर दी गई थी। बीजेपी नेता कविंदर गुप्ता ने पाकिस्तान पर आरोप लगाते हुए हमले को माहौल खराब करने की कोशिश बताया। पिछले दो सप्ताह में राजौरी और पुंछ जिलों में फैले पीर पंजाल क्षेत्र में यह तीसरा आतंकवादी हमला है।



## वायु सेना पर हुए आतंकी हमले में छिंदवाड़ा का बेटा शहीद



**जम्मू ।** 4 मई को जम्मू कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायु सेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ था इस हमले में पांच जवान घायल हो गए थे। जिनको सेना के हेलीकॉप्टर से उधमपुर आर्मी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। जहां देर रात जवान कॉरपोर्ल विक्की पहाड़े ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शहीद विक्की पहाड़े मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के निवासी थे जो नोनिया करबल में निवास करते थे। शहीद विक्की पहाड़े का एक 5 वर्षीय पुत्र है। उनके निधन से पूरे जिले में शोक की लहर व्याप्त है।

जानकारी के मुताबिक शहीद विक्की पहाड़े का परिवार मूलत हिवरावासुदेव उमरानाला का निवासी था, पिता की बचपन में मृत्यु के बाद विक्की और उनकी तीनों बहनों ने नवोदय विद्यालय से पढ़ाई की थी। 7 साल पहले विक्की का एयर फोर्स में जॉब लगा था जबकि उनकी 2 बहनें कृषि विभाग में और एक बहन पुलिस महकमें एसआई है। विक्की पहाड़े की शहादत का समाचार मिलते ही उनके घर पर लोगों की भीड़ लगने लगी है।

## अवैध रेत माफियाओं ने पुलिस अधिकारी को ट्रैक्टर से रौंदा. मौके पर मौत

**शहडोल।** मध्यप्रदेश के शहड़ोल जिले में रेत माफियाओ के हौसले इतने बुलंद है कि पुलिस पर गाड़ी चढ़ाकर हत्या करने से बाज नही आ रहे है। पटवारी हत्या के बाद एक बार फिर, ऐसी ही एक दिल दहला देने वाली घटना शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र से सामने आई है। जंहा वारेंटी तामील करने गए पुलिसकर्मियों पर रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रेत माफियाओ ने ट्रेक्टर से कुचल दिया ,जिससे इस घटना में एक एएसआई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य पुलिसकर्मी मौका देख कर वहां से बच निकले इस इस घटना के बाद पुलिस ने ट्रेक्टर चालक व रेत माफिया पिता पुत्र के खिलाफ ममलक दर्ज कर लिया है। वही आरोपी चालक व रेत माफिया पुत्र को गिरफ्तार कर लिया जबकि इस घटना का मुख्य मास्टर माइंड रेत माफिया फरार है ,जिसकी पुलिस तलास कर रही वही फरार आरोपी के ऊपर एडीजीपी ने 30 हजार के इनाम की घोषणा की है। आपको बता दे कि इसी तरह रेत का अवैध उत्खनन रोकने गए एक पटवारी को भी रेत माफियाओ ने कुचल कर हत्या कर दी थी।

ब्यौहारी थाने में पदस्थ एएसआई महेंद्र बागरी अपने साथी एएसआई गया प्रसाद कन्नौजी व आरक्षक संजय दुबे के साथ देर रात फरार वारेंटी पकड़ने के लिए गए थे ,जंहा संमधिन नदी से रेत उत्खनन कर परिवहन कर रहे ट्रेक्टर चालक राज रावत कोल को एएसआई महेंद्र बागरी ने रोका और पूछ ताछ कर ही रहे थे कि चालक ने तेज रफ्तार ट्रेक्टर से उनको कुचलते हुए निकल गया ,जिससे एएसआई महेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, इस दौरान एएसआई गया प्रसाद कन्नौजे तत्काल ट्रेक्टर चालक को पकड़ लिया, इस पूरे मामले में ब्यौहारी पुलि ने ट्रेक्टर चालक राज रावत कोल व रेत माफिया पुत्र आशुतोष सिह व माफिया पिता सुरेंद्र सिह के खिलाफ धारा



302,379,414,34 ,4/21 खान एवं खनिज अधिनियम 201,47 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी ट्रेक्टर चालक व रेत माफिया पुत्र आशुतोष सिह को गिरफ्तार क लिया है । जबकि रेत माफिया मास्टरमाइंड सुरेंद्र सिह फरार है। जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है न वही एडीजी ने फरार आरोपी के खिलाफ 30 हजार के इनाम की घोषणा की है। इस घटना क्रम का मास्टर माइंड रेत माफिया सुरेंद्र सिह के खिलाफ पूर्व में अवैध रेत चोरी के खिलाफ पूर्व में कई मामले कायम है।

## मेहता हिन्दुस्तान स्काउट के संभाग मुख्यालय कमिश्नर (जनसंपर्क) नियुक्त वर्मा को संभाग सचिव व शर्मा को संभाग संयुक्त सचिव दायित्व

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** शासन सचिव (स्कूल शिक्षा) व हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त कृष्ण कुणाल एवं राज्य सचिव नरेंद्र ओदिच्य ने मावली ब्लॉक के शारीरिक शिक्षक गोपाल लाल मेहता (मेनारिया) को हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड के उदयपुर संभाग मुख्यालय आयुक्त (जनसंपर्क), वल्लभनगर ब्लॉक के अध्यापक मदनलाल वर्मा को उदयपुर संभाग मुख्यालय सचिव, आमेट (राजसमंद) ब्लॉक के शारीरिक शिक्षक मनोज कुमार शर्मा को संभाग मुख्यालय संयुक्त सचिव पद पर नियुक्त किया है। दोनो के संयुक्त हस्ताक्षर से नियुक्ति पत्र जारी किया गया।


मेहता उदयपुर जिले के मावली ब्लॉक के राउप्रावि गंदोली (सांगवा) में शारीरिक शिक्षक एवं हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के जिला मुख्यालय आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं, उनके स्काउट के अनुभव, तीन दशक के खेल, पत्रकारिता व जनसंपर्क के क्षेत्र में अनुभव एवं संगठन के प्रति निष्ठा, कार्य दक्षता के आधार पर दो वर्षों के लिए यह नियुक्ति दी गई है। मदन लाल वर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तारावट में अध्यापक एवं 4 वर्षों से हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला सचिव के पद पर कार्यरत हैं। मनोज कुमार शर्मा राजसमंद जिले के आमेट ब्लाक में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढेलाना में शारीरिक शिक्षक एवं विगत 3 वर्षो से हिंदुस्तान स्काउट में राजसमंद जिला सचिव के पद पर कार्यरत हैं। राज्य सचिव नरेन्द्र ने महावीर जैन विद्यालय संस्थान कीर की चौकी में चल रहे सात दिवसीय संभागीय स्तरीय स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर में रविवार को प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी 200 संभागियों की मौजूदगी में तीनों ही शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंप कर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड संगठन की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने की अपने-अपने पद जिम्मेदारी सौंपी और बधाई दी। सभी संभागियों ने तीनों ही नवनिर्वाचित संभाग पदाधिकारी का स्काउट क्लैप कर स्वागत व अभिनंदन किया। राज्य सचिव नरेंद्र आदित्य ने बताया कि तीनों ही शिक्षकों द्वारा पूर्व में दिए गए दायित्व के अनुरूप जिले में उत्कृष्ट कार्य कर संगठन की गतिविधियों को नई ऊंचाइयां प्रदान करने पर एवं उनके कार्य अनुभव, दक्षता एवं क्षमता के आधार पर उन्हें पूरे संभाग का दायित्व सौंपा गया है, ताकि संगठन की गतिविधियां संभाग में तेजी से ब� सके। राज्य कार्यकारिणी द्वारा गत दिनों प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा व राज्य मुख्य आयुक्त को तीनों शिक्षकों की पदोन्नति की अनुशंसा भेजी गई थी जिस पर स्वीकृति के बाद यह नियुक्तियां की गई।

## डीपफेक और शैलोफेक की निगरानी करेगा एक्स...मस्क ने दी जानकारी

**नई दिल्ली ।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि एक्स पर इम्प्रूव्ड इमेज मैचिंग का एक नया अपडेट लांच किया जा रहा है, जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डीपफेक के साथ-साथ शैलोफेक की भी निगरानी करेगा। मस्क ने कहा कि इस कदम से डीपफेक (और शैलोफेक) को हराने में मदद मिलेगी। शैलोफेक्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद के बिना तैयार की गई फोटोज, वीडियो और वॉयस क्लिप हैं, और व्यापक रूप से उपलब्ध एडिटिंग और सॉफ्टवेयर टूल का इस्तेमाल करते हैं। इमेज पर एक्स नोट्स ऑटोमैटिक तरीके से उन पोस्ट्स पर दिखाई देते हैं, जिनमें इमेज मिलती है। कंपनी ने कहा, इन नोट्स का दर्जनों, सैकड़ों और कभी-कभी हजारों पोस्ट पर मैच होना आम बात है। अब, आप सीधे नोट डिटेल्स में देख सकते हैं कि इमेज नोट कितने पोस्ट से मिलते है।



## जयगढ़ किले का खजाना....जिसे खोजने इंदिरा ने करवाई पांच माह खुदाई



**नई दिल्ली।** आपातकाल के दौरान जब देश के बड़े विपक्षी नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राजस्थान के एक किले में खजाना खोजने के लिए सेना की टुकड़ी उतार दी। यह खजाना आज भी रहस्य बना हुआ है। आज तक पता नहीं चला कि अगर किले से खजाना निकला तब कहां चला गया। वैसे इंदिरा सरकार ने स्पष्ट कर दिया था कि पांच महीने चले अभियान में कोई खजाना हाथ नहीं लगा है।

बात अगस्त 1976 की है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी को एक पत्र लिखा था। पाकिस्तान की ओर से कहा गया था कि जयपुर के जयगढ़ किले में जो खजाने की खोज चल रही है उसपर पाकिस्तान का भी अधिकार है। इससे पता चलता है कि इस खजाने की चर्चा इतना ज्यादा थी कि बात पाकिस्तान तक पहुंच गई। इतना ही तब के पाकिस्तान के पीएम ने उसपर अपना दावा ठोंक दिया।

दरअसल बात मुगल काल की है जब अकबर ने अपने सेनापति राजा मान सिंह को अफगानिस्तान फतह करने के लिए भेजा था। बताया जाता है कि राजा मान सिंह ने अफगानिस्तान में जीत हासिल कर बहुत सारा खजाना लेकर वापस लौटे। हालांकि उन्होंने खजाने की जानकारी अकबर को नहीं देकर खाजने को जयगढ़ के किले में बनी पानी की टंकियों (जल संरक्षण के लिए) में छिपा दिया। आरएस खानगरोट और पीएस नाथावत ने 1990 में आई किताब जयगढ़, द इनविसाइबल फोर्ट ऑफ आंबेर में इसका जि' किया है।


हफ्त तिलिस्मात ए आंबेर नाम की किताब में पहली बार खजाने का जि' किया था। बताया गया कि आंबेर के किले के पीछे बने पानी के टैंक में खजाना छिपाया गया था। ब्रिटिश काल में अंग्रेजों ने भी इस खजाने को तलाशने की कोशिश की थी लेकिन नाकाम रहे थे। आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी के पास अच्छा मौका था। प्रेस पर बैन था। बड़े नेता जेल में थे। तभी कांग्रेस विरोधी रही राजमाता गायत्री देवी को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद किले में खुदई शुरू हो गई। सेना की टुकड़ी के साथ आयकर विभाग और अन्य टीमें किले में उतर चुकी थीं। पाचं महीने तक यह काम चलता रहा।

खुदाई के दौरान अक्सर किले के ऊपर हेलिकॉप्टर देखे जाते थे। इससे इस बात को और बढ़ावा मिला कि किले में जरूर खजाना है। वहीं बीच में इंदिरा गांधी अपने सुपुत्र संजय गांधी को साथ लेकर किले में गई। खुदाई पूरी होने के बाद इंदिरा गांधी ने कहा कि जयगढ़ में 230 किलो चांदी के अलावा और कोई खजाना नहीं मिला है। जयगढ़ का यह कथित खजाना तब से रहस्य ही बना हुआ है। कई बार कोशिश आरटीआई डालकर जानकारी हासिल करने की की गई। इसके बावजूद कोई जानकारी नहीं मिली। यह भी कहा जाता है कि खुदाई के दौरान कई दिनों तक जयपुर-दिल्ली हाइवे को बंद कर दिया गया था। इस दौरान किले से 50 से 60 ट्रक दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। हालांकि यह कभी पता नहीं चल पाया कि ट्रकों में क्या था।

## टिकट नहीं मिलने से नाराज वाड्रा ने सोशल मीडिया पर लिख डाली भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा का इस बार लोकसभा चुनाव लड़ने का सपना टूटा गया है। वाड्रा ने चुनाव लड़ने की इच्छा भी व्यक्त की थी। लेकिन कांग्रेस ने उन्हें कहीं से भी मैदान में नहीं उतारा। कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली से प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। रायबरेली से जहां राहुल गांधी ने पर्चा दाखिल किया, वहीं अमेठी लोकसभा सीट से केएल शर्मा ने नामांकन किया है। अमेठी से केएल र्श्मा को टिकट देने का फैसला चौंकाने वाला है। कांग्रेस के दोनों गढ़ से लोकसभा चुनाव-2024 के लिए प्रत्याशी तय होने के बाद अब रॉबर्ट वाड्रा का भावुक फेसबुक पोस्ट सामने आया है। उन्होंने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि राजनीति की कोई भी शक्ति या पद उनके परिवार के बीच नहीं आ सकता है। बता दें कि रॉबर्ट वाड्रा कई मौकों पर अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुके थे। हालांकि, उन्हें अमेठी से टिकट नहीं मिला।

गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा कई मौकों पर कांग्रेस के गढ़ अमेठी से चुनाव लड़ने और सक्रिय राजनीति में आने की मंशा जाहिर कर चुके हैं। पिछले महीने जब उनसे पूछा गया था कि क्या वह अमेठी से चुनाव लड़ने जा रहे हैं? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि पूरे देश से यह आवाज आ रही है कि मुझे सक्रिय राजनीति में आना चाहिए। मैं हमेशा लोगों के बीच रहता हूं। रॉबर्ट वाड्रा ने आगे कहा था कि अमेठी की मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। वहां के लोग चाहते हैं कि मैं उनके बीच रहूं।अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा के बाद रॉबर्ट वाड्रा की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने भावुक फेसबुक पोस्ट के जरिये अपनी बात रखी है। साथ ही उन्होंने उन लोगों का धन्यवाद भी किया है, जिन्होंने उनका समर्थन किया और शुभकामनाएं दीं। रॉबर्ट वाड्रा ने लिखा, 'राजनीति की कोई भी शक्ति, पद हमारे परिवार के बीच नहीं आ सकता। हम सभी अपने महान राष्ट्र की जनता और जनता की बेहतरी के लिए हमेशा काम करेंगे, करेंगे और करते रहेंगे। आपके समर्थन और शुभकामनाओं के लिए सभी को धन्यवाद। मैं सदैव अपनी जनसेवा के माध्यम से यथासंभव लोगों की मदद करूंगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को अमेठी और रायबरेली सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी। कांग्रेस ने राहुल गांधी को अमेठी की बजाय रायबरेली सीट से मैदान में उतारा है, जबकि किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से प्रत्याशी बनाने का ऐलान किया गया। किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार के पुराने करीबी हैं। वह लंबे वक्त से रायबरेली में सोनिया गांधी के प्रतिनिधि भी रह चुके हैं।



## बम विस्फोट में एक वरिष्ठ पत्रकार सहित तीन लोग मारे गए



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में एक वरिष्ठ पत्रकार सहित तीन लोग मारे गए जबकि आठ अन्य घायल हो गए है।

पुलिस ने बताया कि खुजदार शहर के बाहरी क्षेत्र में चोमरोक चौक के पास सड़क किनारे लगाए बम में विस्फोट उस समय हुआ जब वरिष्ठ पत्रकार एवं खुजदार प्रेस क्लब के अध्यक्ष मौलाना सिद्दीकी मेंगल अपनी गाड़ी से वहां पहुंचे।

उन्होंने कहा, विस्फोट में मेंगल और दो अन्य राहगीरों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। मेंगल जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के प्रांतीय प्राधिकारी भी थे।

वह स्थानीय अखबार के लिए लेख भी लिखा करते थे। यह हमला विश्व प्रेस स्वतंत्रा दिवस के दिन हुआ। पुलिस अधिकारी ने कहा कि फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि मेंगल को उनके मीडिया कार्य या जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के पदाधिकारी के तौर पर काम करने के चलते निशाना बनाया गया। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुग्ती ने इस हमले की कड़ी निंदा कर पुलिस महानिरीक्षक को अपराधियों को पकड़ने का निर्देश दिया।

## ब्राजील और अमेरिका में बारिश का तांडव......सड़कों पर चल रही बोट

**टेक्सास ।** ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में तेज बारिश ने भारी तबाही मचा दी है। कीचड़ की बाढ़ की वजह से सैकड़ों की संख्या में वाहनों के साथ घरों को भी नुकसान पहुंचा है। केंद्र के साथ ही प्रांत की सरकार लोगों को बचाने में जुटी है। इस ब्राजील के इतिहास का सबसे खौफनाक और गंभीर प्राकृतिक आपदा बताया जा रहा है। ब्राजील में मूसलाधार बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत के साओ सेबेस्टियाओ डो साई में इतनी बारिश हुई कि पूरा इलाका ही डूब गया। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने लोगों की समस्याएं बढ़ा दी हैं। हजारों की तादाद में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा है। ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में स्कूल कॉलेज से लेकर व्यावसायिक प्रतिष्ठान तक बंद हैं। सरकार अभी तक हजारों की तादाद में प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा चुकी है। अमेरिका के टेक्सास में भी मूसलाधार बारिश ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। घरों में पानी भरने की वजह से राहत एवं बचाव दल के सदस्यों ने लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने के लिए अभियान चलाया है। बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात हो चुके हैं। जिन सड़कों पर वाहन फर्राटा भरते थे, अब वहां बोट चलाती दिख रही हैं। टेक्सास में कमर्शियल से लेकर आवासीय परिसरों तक में पानी भर गया है। मुख्य सड़क छोड़िए गलियों की सड़कों पर भी घुटनों तक पानी भरा हुआ है। हालात को देखते हुए स्कूलों को बंद कर दिया गया है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)| सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।